**Dainik Bhaskar, 18/09/2025, Thursday**

**नवाचार** • दोनों संस्थानों के सहयोग से विकसित होंगी नई संभावनाएं, क्षमता निर्माण व शिक्षण पद्धतियां

# बिट्स व राजयूवास में अनुबंध, मिलकर करेंगे पशु विज्ञान क्षेत्र में रिसर्च

भास्कर न्यूज़ | पिलानी

पशु विज्ञान क्षेत्र में रिसर्च व नवाचारों के लिए बिट्स पिलानी और राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (राजयूवास) जोबनेर के बीच अनुबंध हुआ है। बिट्स पिलानी परिसर के बिट्स टेक्नोलॉजी इनेबलिंग सेंटर में समारोह का आयोजन किया गया। यह अनुबंध राजस्थान में नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करेगा।



अनुबंध पत्र का आदान प्रदान करते।

बिट्स पिलानी के कुलपति प्रोफेसर वी. रामगोपाल राव और राजयूवास के कुलपति प्रो. त्रिभुवन शर्मा के बीच ने पिलानी परिसर के निदेशक प्रो. सुधीर कुमार बराई, रजिस्ट्रार कर्नल सौम्यब्रत चक्रवर्ती, राजयूवास के अनुसंधान निदेशक प्रो. बलवंत नत्थू की मौजूदगी में अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर किए। कार्यक्रम की शुरुआत में बिट्स-टेक के समन्वयक प्रो. दीपक चितकारा ने संस्थान के अनुसंधान और नवाचार के बारे में जानकारी दी। पशु आवास सुविधा प्रभारी डॉ. सुशील यादव ने पशु सुविधा के बारे में बताया। अतिथियों ने पशु गृह का दौरा कर उपलब्ध कराए गए बुनियादी ढांचे का अवलोकन किया। यहां एक नई अत्याधुनिक इकाई विकसित की जा रही है। इस मौके पर संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं के निर्माण, संयुक्त कौशल विकास पहल की रूपरेखा तैयार करने, पशु चिकित्सा विज्ञान में उपकरणों के आधुनिकीकरण और किसानों के लिए नवीन समाधानों की खोज करने पर चर्चा की गई।

## इंजीनियरिंग व पशु चिकित्सा के संयोजन पर जोर

दोनों संस्थानों के अधिकारियों ने पशु स्वास्थ्य और कृषि की चुनौतियों का समाधान करने के लिए इंजीनियरिंग, फार्मेसी और पशु चिकित्सा विज्ञान के संयोजन के महत्व पर जोर दिया। बिट्स पिलानी में टीचिंग लर्निंग सेंटर का प्रतिनिधित्व करते हुए संकाय प्रभारी प्रो. शिबानी खानरा झा ने महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की।